THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF): (a) Yes, Sir. 6751/6752 Madurai-Tirunelveli/ Tuticorin Express introduced w.e.f. 22.10.93 provides day time service between Madurai and Tuticorin.

(b) and (c). Do not arise.

Completion of Guruvayoor-Trichur Rail Project

*299. SHRI O. RAJAGOPAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that work on the Guruvayoor-Trichur rail project has been completed, if so, when;

(b) by when it is likely to be opened to traffic; and

(c) the loss, in terms of money, suffered by the Railway for the non-utilization of the Guruvayoor-Trichur rail line after its completion?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF): (a) The project was completed on 30.3.93.

(b) Very shortly.

(c) Although Guruvayoor-Trichur rail project was technically ready for commissioning to traffic, the same could not be put to use for fulfilment of certain formalities. No such assessment of loss can be made.

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कार्यान्वयन के लिए चुनी गई परियोजनाएं

*300. **श्री राम सिंह राठवा:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय की चुनी हुई ऐसी परियोजनाएं कौन-कौन सी हैं, जिन्हें आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरंभ किया जाना है;

(ख) किस-किस परियोजना का कार्य अब आरंभ हो चुका है; और

(ग) जो परियोजनाएं पहले से ही हाथ में हैं, उनके बारे में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू किए जाने के लिए प्रस्तावित 100 करोड़ रुपये और इससे अधिक की लागत की चुनी हुई परियोजनाओं के नाम:

(करोड़ रु०)

क्रम सं०	परियोजना का नाम	परियोजना की लागत
1	2	3
सड़कें :		
1.	नैनी (इलाहाबाद), उत्तर प्रदेश के निकट यमुना पर पुल का निर्माण।	100.36
2.	आन्ध्र प्रदेश में रा०रा० 5 के 355-434 कि०मी० में सड़क को मजबूत करने के साथ-साथ चौड़ा करके 4 लेन बनाना।	120.00
3.	हरियाणा में रा०रा० 8 पर 36-107 कि०मी० में 4 लेन बनाना।	105.00
4.	आन्ध्र प्रदेश में रा०रा० 5 पर 4 लेन बनाने सहित 3-75 कि०मी० में सड़क को मजबूत बनाना।	114.00
5.	उड़ीसा में रा०रा० 5 पर 0-28 कि० मी० में 4 लेन बनाना।	134.00
6.	हरियाणा में रा०रा० 1 पर 132.6-212 कि० मी० में 4 लेन बनाना।	167.00
7.	पंजाब में रा०रा० 1 पर 212-254 कि० मी० में 4 लेन बनाना।	119.00
8.	महाराष्ट्र में रा०रा० 8 पर 439-497 कि० मी० में 4 लेन बनाना।	103.50
9.	उत्तर प्रदेश में रा०रा० 2 के मथुरा आगरा खंड में 4 लेन बनाना।	103.50
नौवहन :		
10.	30/45000 डी डब्ल्यू टी के 4 प्रोडक्ट कैरियर्स (एन बी)	433.00
11.	140000 डी डब्ल्यू टी के 4 क्रूड टैंकर्स (एन बी)	806.00
12.	140000 डी डब्ल्यू टी के 2 क्रूड कैरियर्स (एम ओ यू)	403.00
13.	130000 डी डब्ल्यू टी का 1 बल्क कैरियर (एन बी)	155.00
14.	4 कोम्बी वैसल्स (एस एच)	124.00
15.	47000 डी डब्ल्यू टी के 2 बल्क कैरियर्स (एस एच)	111.60